दिन– बुधवार दिनांक– 11 ⁄ 09 ⁄ 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन इंडिया– दो हजार चौबीस का उद्घाटन करेंगे।

02. राज्य मंत्रिमंडल ने विभिन्न विभागों में सात हजार पांच सौ उनसठ पदों के सृजन को मंजूरी दी। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में छह हजार से अधिक विद्यालय सहायकों की होगी नियुक्ति।

03. मैट्रिक और इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा दो हजार पच्चीस के लिए फार्म भरने की प्रक्रिया आज से शुरू।

04. और, मौसम विभाग ने कहा – चक्रवातीय प्रभाव से तेरह और चौदह सितम्बर को प्रदेश के दक्षिणी भागों में अच्छी बारिश की संभावना।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन इंडिया– दो हजार चौबीस का उद्घाटन करेंगे। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम का विषय है– सेमीकंडक्टर के भविष्य को आकार देना। सम्मेलन का उद्देश्य भारत की सेमीकंडक्टर रणनीति और नीति का प्रदर्शन करने के साथ ही भारत को सेमीकंडक्टर के एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। एक रिपोर्ट––

–––रिर्पोट–––

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की पंद्रह तारीख को झारखंड के जमशेदपुर में महत्वाकांक्षी पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को दो हजार सात सौ पैंतालीस करोड़ रुपये की किस्त जारी करेंगे। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इस मौके पर सभी लक्षित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किये जायेंगे। केंद्रीय मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए विभिन्न राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ हुई बैठक में कार्यक्रम की तैयारी के लिए जरूरी निर्देश दिए।

---

राज्य मंत्रिमंडल ने विभिन्न विभागों में सात हजार पांच सौ उनसठ पदों के सृजन को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि प्रदेश के छह हजार चार सौ इक्कीस उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में एक–एक सहायक नियुक्त किये जायेंगे।

———बाईट———

श्री सिद्धार्थ ने कहा कि मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना को भी मंजूरी दी है। योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में एक सौ मीटर लम्बाई वाले पुलों का निर्माण अब ग्रामीण कार्य विभाग करेगा।

———बाईट———

पर्यटकों की सुविधा के लिए पटना में तीन फाईव स्टार होटलों के निर्माण और संचालन की स्वीकृति प्रदान की है। मंत्रिमंडल ने पयर्टन स्थलों के प्रचार–प्रसार के लिए ब्रांडिंग और मार्केटिंग नीति दो हजार चौबीस को भी मंजूरी दे दी है। मंत्रिमंडल ने प्रदेश के चार स्टेट हाईवे के निर्माण के लिए इक्कीस सौ करोड़ रूपये खर्च करने को स्वीकृति प्रदान की है। ये चारों हाईवे दो लेन के दो सौ चार किलोमीटर लंबे होंगे। कैबिनेट की बैठक में कुल छियालीस प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई।

———————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने कहा है कि भूमि सर्वेक्षण का उद्देश्य जमीन के कागजात को ठीक करना है। इसके तहत किसी की जमीन नहीं ली जाएगी। श्री सिंह ने कहा कि सर्वे को लेकर लोगों के बीच कुछ भ्रांतियां हैं। उन्होंने कहा कि स्वघोषणा पत्र कागज पर हस्त लिखित दिया जा सकता है। इसके लिए तत्काल कोई दस्तावेज लगाने की जरूरत नहीं है। राज्य या देश के बाहर रहने वाले लोग स्वघोषणा पत्र ऑनलाइन भी जमा कर सकते हैं।

———————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने महादलित विकास मिशन से अनुसूचित जनजाति को महादलित श्रेणी से बाहर रखने पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति डॉ.

अंशुमान ने इस मामले में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति की तुलना में अनुसूचित जनजाति समुदाय अधिक गरीब है। न्यायालय ने मामले में जवाबी हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है।

---

भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान के अंतर्गत मात्र आठ दिनों में दो करोड़ से अधिक नए सदस्य पार्टी से जुड़े हैं। इस अभियान का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो सितंबर को सबसे पहले सदस्य बनकर किया था। पार्टी महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि अभियान के सिलसिले में बिहार समेत नौ राज्यों के पदाधिकारियों के साथ भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और संगठन महासचिव बी एल संतोष ने अलग–अलग समीक्षा की।

इधर, प्रदेश भाजपा आज से विशेष राज्यव्यापी सदस्यता अभियान की शुरूआत कर रही है। इसके तहत पार्टी के कार्यकर्ता सात दिन तक गांवों में रहकर लोगों को सदस्यता के लिए जागरूक करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कल पार्टी नेताओं को विभिन्न जिलों के लिए रवाना किया, जो संबंधित जिलों में जाकर सदस्यता अभियान की निगरानी करेंगे।

---

मैट्रिक और इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा दो हजार पच्चीस के लिए फार्म भरने की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अनुसार ग्यारह से सत्ताईस सितम्बर तक दसवीं कक्षा के फार्म भरे जायेंगे। परीक्षार्थी चौबीस सितम्बर तक शुल्क जमा कर सकते हैं। वहीं, इंटरमीडिएट के लिए फार्म पच्चीस सितम्बर तक भरे जा सकेंगे। शुल्क बाईस सितम्बर तक जमा किया जा सकता है। फार्म भरने की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी।

---

मौसम विभाग ने कहा है कि चक्रवातीय प्रभाव से तेरह और चौदह सितम्बर को प्रदेश में कई स्थानों पर बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के निदेशक सुनील नारायण थूल ने बताया कि चक्रवात के प्रभाव से गया, नवादा और नालंदा समेत राज्य के दक्षिणी भागों में कई स्थानों पर अच्छी बारिश हो सकती है। वहीं, उत्तर बिहार में इसका प्रभाव नहीं रहेगा। गौरतलब है कि मॉनसून सीजन के दौरान प्रदेश में अब तक सत्ताईस प्रतिशत कम बारिश हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार

राज्य में अब तक लगभग आठ सौ चौवालीस मिलीमीटर बारिश होनी चाहिए थी लेकिन सात सौ सत्रह मिलीमीटर ही बारिश हुई है।

---

प्रदेश में डेंगू के नए मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बयासी नये मामलों की पुष्टि हुई है। पटना में सबसे अधिक इकतीस नये मामले मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस वर्ष अब तक डेंगू के एक हजार दो सौ अट्ठाईस मामले सामने आ चुके हैं। इस बीच, पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने कहा है कि डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुये नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल को डेंगू अस्पताल बनाया जाएगा। इधर, स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू के साथ मंकी पॉक्स को लेकर सभी स्तर के अस्पतालों को अलर्ट कर दिया है।

---

देश के जाने–माने चिकित्सक डॉक्टर ए.के. वार्ष्णेय ने कहा कि डेंगू मरीजों को चिकित्सकों की सलाह पर ही दवाओं का सेवन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि डेंगू मरीजों को पैरासीटामोल के अलावा किसी अन्य दर्द निवारक दवा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

———बाईट———

---

केन्द्र सरकार ने कहा है कि साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी में शामिल होने के कारण एक करोड़ से अधिक मोबाइल कनेक्शन बंद कर दिए गए हैं। लगभग दो लाख सत्ताईस हजार मोबाइल हैंडसेट भी ब्लॉक किए गए। दूरसंचार विभाग ने कहा है कि इन कनेक्शनों की पहचान संचार साथी पहल से की गई थी। पिछले एक पखवाड़े में तीन लाख पचास हजार से अधिक स्पैम नंबरों को भी बंद कर दिया गया है। पचास संस्थाओं को काली सूची में डाल दिया गया है।

---

बिहार की माही श्वेत राज ने सतहत्तरवीं सीनियर राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। मैंगलोर में खेले गए महिलाओं की पचास मीटर बटर फ्लाई स्पर्धा में माही ने अट्ठाईस दशमलव तीन–तीन सेंकड का समय निकाल पहला स्थान प्राप्त किया।

इधर, गया में खेले गए ईस्ट–जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप में बिहार की महिला टीम ने कांस्य पदक जीता है। वहीं, मुंगेर के पराग सिंह और भोजपुर की भावना सिंह ने व्यक्तिगत मुकाबलों में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

---

स्वच्छ भारत मिशन के दस वर्ष पूर्ण होने पर शेखपुरा जिले में दो अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता की थीम पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

---

दरभंगा जिले के मनीगाछी में पुलिस गश्ती वाहन के दुर्घटना ग्रस्त होने से वाहन चालक सिपाही रवि कांत कुमार की मौत हो गयी।

---

रोहतास जिले के सासाराम रेलवे स्टेशन के पास से पुलिस ने बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ ब्राउन सुगर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

गोपालगंज में भूमाफियाओं द्वारा राजेन्द्र बस स्टैंड के जमीन की जमाबंदी व्यक्ति विशेष के नाम से करवाने का मामला सामने आया है। जिला प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने राज्य मंत्रिमंडल के फैसलों को अपनी सुर्खी बनाया है।

**हिन्दुस्तान** ने कैबिनेट के निर्णय का शीर्षक लगाया है – राज्य में मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना फिर शुरू होगी।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है – राज्य में सहकारी बैंक से ग्राहक दिसम्बर से ले सकेंगे गोल्ड लोन।

**दैनिक भास्कर** ने केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के निर्णय को प्रमुखता देते हुए लिखा है – जीपीएस से टोल वसूली, बीस किलोमीटर फ्री, फिर जितनी यात्रा, उतना टोल।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – सेविका को मोबाईल रिचार्ज के लिए अब मिलेंग तीन हजार रूपये।

**राष्ट्रीय सहारा** का शीर्षक है – मणिपुर में फिर बिगड़े हालात, इम्फाल में जबरदस्त प्रदर्शन।

**आज** अखबार लिखता है – तेजस्वी को दुबई जाने के लिए सशर्त अनुमति।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन इंडिया– दो हजार चौबीस का उद्घाटन करेंगे।

02. राज्य मंत्रिमंडल ने विभिन्न विभागों में सात हजार पांच सौ उनसठ पदों के सृजन को मंजूरी दी। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में छह हजार से अधिक विद्यालय सहायकों की होगी नियुक्ति।

03. मैट्रिक और इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा दो हजार पच्चीस के लिए फार्म भरने की प्रक्रिया आज से शुरू।

04. और, मौसम विभाग ने कहा – चक्रवातीय प्रभाव से तेरह और चौदह सितम्बर को प्रदेश के दक्षिणी भागों में अच्छी बारिश की संभावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।